एसीबी ने असिस्टेंट कमिश्नर एवं कनिष्ठ लिपिक को 1लाख 15 हजार रुपए की रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया

जयपुर,2 अगस्त 2019 भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) जयपुर देहात की टीम ने शुक्रवार को कार्यवाही करते हुए संभागीय वाणिज्य कर कार्यालय झालाना जयपुर में पदस्थापित असिस्टेंट कमिश्नर अनुसुइया कुमारी एवं रिटायर्ड कर्मचारी (LDC) रवि पारीक को 1 लाख 15 हजार रुपए की रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया।

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो महानिदेशक श्री आलोक त्रिपाठी ने बताया कि परिवादी ने एसीबी में यह शिकायत देकर बताया कि उसके वर्ष 2015-16,2016-17 एवं वर्ष 2017-18 के बिलो का टैक्स ऑनलाइन जमा कराया था। लेकिन वाणिज्य कर विभाग संभागीय कार्यालय जयपुर वालों ने उस में कुछ कमी कर पेंडिंग रखा हुआ था। जिसका वर्तमान में 7 लाख 79 हजार रुपए जीएसटी रिफंड होना था। जीएसटी रिफंड करने की एवज में एलडीसी रवि पारीक उक्त रकम का 20% रिश्वत की राशि असिस्टेंट कमिश्नर के लिए मांग कर रहा था मामला 15% में तय हुआ।

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो अतिरिक्त अधीक्षक पुलिस जयपुर देहात श्री नरोत्तम वर्मा के नेतृत्व में उक्त मांग का सत्यापन करवाकर आज ट्रैप कार्यवाही करते हुए असिस्टेंट कमिश्नर अनुसुइया कुमारी एवं रिटायर्ड कर्मचारी रवि पारीक को 1 लाख 15 हजार रुपए की रिश्वत की राशि लेते हुए गिरफ्तार किया एवं अग्रिम कार्यवाही जारी है।